Press Release

TATA POWER-DDL

**बुधवार, 18 दिसंबर, 2024** **प्रेस विज्ञप्ति**

**नई दिल्ली**

# टाटा पावर-डीडीएल को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा आयोजित 34वें नेशनल एनर्जी कंज़र्वेशन अवार्ड्स 2024 में प्रदान किया गया 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट'

राजधानी में नॉर्थ दिल्ली की लगभग 90 लाख की आबादी के लिए बिजली वितरण कर रही अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल को **ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा आयोजित 34वें नेशनल एनर्जी कंज़र्वेशन अवार्ड्स (NECA) 2024** में प्रतिष्ठित **'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट इन द डिस्कॉम सेक्टर' से सम्मानित किया गया है।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (नेशनल एनर्जी कंज़र्वेशन डे) के अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में इस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया था।

टाटा पावर-डीडीएल की ओर से सुश्री किरण गुप्ता, चीफ - कस्टमर एक्सपीरियंस, कमर्शियल, गवर्नमेंट अफेयर्स, ईएसी एंड कंज्यूर लिटिगेशन, श्री शशांक शर्मा, एचओडी - जी एंड आई, ई एंड एस, एनबीएस एंड स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट्स तथा श्री कपिल कुमार, एचओडी - पीएससी, बीडी एंड स्टोरेज ने 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' प्राप्त किया। इस अवसर पर, माननीय विद्युत तथा नवीन एवं अक्षय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नायक भी उपस्थित थे। समारोह में, सरकार एवं निजी उद्योग क्षेत्रों के भी कई गणमान्य जन मौजूद थे।

टाटा पावर-डीडीएल ऊर्जा संरक्षण (एनर्जी कंज़र्वेशन) के क्षेत्र में न सिर्फ अग्रणी है बल्कि यह डिमांड-साइड मैनेजमेंट प्रोग्रामों से भी सक्रिय रूप से जुड़ी है। कंपनी के ऊर्जा अर्पण और बिहेवियरल डिमांड रिस्पॉन्स प्रोग्रामों समेत इसकी फ्लैगशिप पहल का उद्देश्य एनर्जी के उचित तरीके से इस्तेमाल पर जोर देने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को अपने कार्बन फुटप्रिंट घटाने में समर्थ और सक्षम बनाना है।

टाटा पावर-डीडीएल को मिले इस सम्मान पर, **श्री गजानन एस काले, चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर, टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *"टाटा पावर-डीडीएल में, एनर्जी एफिशिएंसी और*

*सस्टेनेबिलिटी हमारे ऑपरेशंस के बुनियादी आधार-स्तंभ हैं। हम ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 34वें नेशनल एनर्जी कंज़र्वेशन अवार्ड्स (NECA) 2024 में 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' प्राप्त करने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस सम्मान ने हमें आगे भी प्रभावी तरीके से एनर्जी कंज़र्वेशन के प्रयासों को जारी रखते हुए सभी के लिए अधिक हरा-भरा और अधिक सस्टेनेबल भविष्य तैयार कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया है।"*

टाटा पावर-डीडीएल की 'ऊर्जा अर्पण' पहल व्यक्तियों एवं संगठनों को जिम्मेदारी के साथ एनर्जी का उपभोग करने के लिए प्रेरित करती है। यह छात्रों, आरडब्ल्यूए, तथा आईडब्ल्यू समेत अलग-अलग उपभोक्ता वर्गों तक पहुंचकर, सस्टेनेबल और एनर्जी कंज़र्वेशन पर जोर देने वाले व्यवहारों को बढ़ावा देती है।

कंपनी को एनर्जी कंज़र्वेशन, पर्यावरण तथा सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में इसके लगातार जारी प्रयासों के लिए अब तक कई नेशनल एवं इंटरनेशनल पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर के बीच संयुक्त उद्यम है। कंपनी उत्तरी दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी के लिए बिजली वितरण करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण सुधारों को लागू करने वाली अग्रणी कंपनी है जिसने अपने उपभोक्ता-केंद्रित व्यवहारों से साख बनायी है। निजीकरण के बाद, टाटा पावर-डीडीएल के वितरण क्षेत्रों में एटीएंडसी (AT&C) घाटे में रिकॉर्ड कमी आयी है। वर्तमान में, एटीएंडसी (AT&C) घाटा 5.9% है, जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती घाटे की तुलना में इसमें अप्रत्याशित कमी दर्ज की गई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी www.tatapower-ddl.com पर उपलब्ध है।


For further information please contact:

**Corporate Communications:**
John Edwin (9910082270)

**Slough PR:**
Abhishek Anand(9711061540)